दिन— गुरुवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक— 08 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　अवधिः— 15 मिनट

---

01. केन्द्र सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर आज नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक बुलाई।

02. पटना समेत प्रदेश के छह जिलों में सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल का सफल आयोजन। अन्य शहरों में भी चरणबद्ध तरीके से आयोजित होगी मॉक ड्रिल।

03. खेलो इंडिया यूथ गेम्स में आज सेपक टाकरा, जूडो, टेबल टेनिस, तैराकी और शूटिंग सहित कई स्पर्धाओं में पदकों का फैसला होगा।

04. और, मौसम विभाग ने आज से राज्य के अधिकतर हिस्सों में तापमान में वृद्धि का पूर्वानुमान जताया। पांच से आठ डिग्री सेल्सियस तक की हो सकती है बढ़ोतरी।

————————————————————

केन्द्र सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर आज नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक बुलाई है। इसमें सभी राजनीतिक दलों के नेताओं को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी जाएगी। पार्टी लाइन से हटकर नेताओं ने ऑपरेशन सिंदूर की सराहना की है और आतंकवादियों के खिलाफ सशस्त्र बलों की कार्रवाई पर गर्व व्यक्त किया है। इससे पहले, पहलगाम आतंकी हमले के बाद सभी दलों ने सरकार की हर संभावित कार्रवाई का समर्थन किया था। ब्यौरा हमारे संवाददाता से—

———बाईट———

————————————————————

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पाकिस्तान और नेपाल से सटे सीमावर्ती राज्यों के उपराज्यपालों और मुख्यमंत्रियों से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अवांछित तत्वों के राष्ट्र विरोधी दुष्प्रचार पर कड़ी निगरानी रखने को कहा है। श्री शाह ने नई दिल्ली में सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए राज्य सरकारों और केंद्रीय एजेंसियों के साथ समन्वय में त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। गृह मंत्री ने कहा कि निर्बाध संचार बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास किए जाने चाहिए और संवेदनशील स्थलों की सुरक्षा और मजबूत की जानी चाहिए। उन्होंने राज्यों से जनता में अनावश्यक भय रोकने और अफवाहों के खिलाफ लोगों में जागरूकता फैलाने को कहा। गृहमंत्री ने कहा कि स्थानीय प्रशासन, सेना और अर्धसैनिक बलों के बीच समन्वय और बढ़ाया जाना चाहिए।

————————————————————

पुलिस मुख्यालय ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद पूरे प्रदेश में हाई अलर्ट जारी किया है। विधानसभा, सचिवालय, एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशनों सहित सार्वजनिक और संवेदनशील स्थलों की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। राजधानी पटना में भी सतर्कता के साथ जांच–पड़ताल की जा रही है। पटना के एसएसपी अवकाश कुमार ने सभी एसपी और डीएसपी के साथ बैठक कर सतर्क रहने के निर्देश दिये हैं।

———————————————————————

पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव को देखते हुए कल शाम बिहार के छह जिलों समेत देश के दो सौ चौवालीस जिलों में सुरक्षा तैयारियों के मूल्यांकन के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। हमारे संवाददाताओं ने बताया कि इस दौरान पटना, बेगूसराय, किशनगंज कटिहार, अररिया और पूर्णियां में नागरिकों ने संयम दिखाते हुये प्रशासन के साथ सहयोग किया। शाम सात बजते ही संबंधित शहरों में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बंद कर दी गयी। दस मिनट के ब्लैक आउट के दौरान सड़कों पर वाहनों की रफ्तार थम गई वाहनों की हेड लाईट भी बंद कर दी गयी। पटना जिले के दानापुर अनुमंडल की पदाधिकारी दिव्याशक्ति ने बताया कि मॉकड्रिल पूरी तरह सफल रहा। उन्होंने बताया कि यह ड्रिल किसी भी बाहरी खतरे का मुकाबला करने के लिए लोगों को तैयार करने का अभ्यास है।

———बाईट———

———————————————————————

मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने कहा है कि प्रदेश के छह जिलों में मॉक ड्रिल की सफलता के बाद इसका आयोजन अब चरणबद्ध तरीके से अन्य शहरों में भी किया जायेगा। उन्होंने कहा कि आपातकाल स्थिति से निपटने की तैयारियों की समीक्षा के लिए की गयी मॉक ड्रिल में कई विभागों ने आपसी समन्वय बनाकर काम किया। मुख्य सचिव ने कहा कि मॉल ड्रिल के अनुभव के आधार पर प्रदेश में प्रशासनिक और सुरक्षा तंत्र को और मजबूत किया जायेगा। उन्होंने सभी नागरिकों से मॉक ड्रिल के अनुभव को गम्भीरता से लेने और इसके प्रति अन्य लोगों को भी जागरूक करने का आग्रह किया।

———————————————————————

राजस्व और भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने कहा है कि राजस्व की समस्याओं का समाधान जन संवाद के माध्यम से किया जायेगा। इसके लिए संवाद की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जायेगी। पटना में जल स्त्रोतों के एटलस का लोकार्पण करते हुये श्री सरावगी ने कहा कि इससे जल स्त्रोतों की सुरक्षा और जल प्रबंधन की प्रक्रिया को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि राज्य के सरकारी तलाबों को विशिष्ठ पहचान यूआईडी भी दी जायेगी।

————————————————————————

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गयी है। मतदाता सूची को अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने के लिए पटना और तिरहुत प्रमंडल के बीएलओ और ईआरओ के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम की कल पटना में शुरूआत हुई। गौरतलब है कि निर्वाचन आयोग चरणबद्ध तरीके से प्रमंडलवार प्रशिक्षण दे रहा है।

————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में कल एनडीए के घटक दलों की पटना में विशेष बैठक आयोजित की गयी। इसमें जदयू, भाजपा, लोजपा रामविलास, हम सेक्यूलर और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने एनडीए नेताओं से कहा कि वे पिछले बीस वर्षों के विकास कार्यों की जानकारी आम लोगों को दे। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार में हर मोर्चें पर विकास के कार्य हुये हैं और जनता को इसका लाभ भी मिल रहा है।

————————————————————————

और अब खबरें खेलो इंडिया यूथ गेम्स से...

आज खेलो इंडिया यूथ गेम्स का पांचवां दिन है। इसमें सेपक टाकरा, जूडो, टेबल टेनिस, तैराकी और शूटिंग सहित कई स्पर्धाओं में पदकों का आज फैसला होगा। एक रिपोर्ट——

———रिपोर्ट———

खेलो इंडिया यूथ गेम्स में आज तैराकी की विभिन्न स्पर्धाओं जैसे बैकस्ट्रोक, फ्रीस्टाइल और रिले में बड़ी संख्या में पदक दांव पर रहेंगे। सेपक टाकरा, टेबल टेनिस और निशानेबाजी में पदकों के लिए मुकाबले के अलावा, प्रतिभागी राज्यों के युवा खिलाड़ी हॉकी, रग्बी, कबड्डी और खो खो की प्रतिस्पर्धा में एक—दूसरे को कड़ी टक्कर देंगे। मार्शल आर्ट गतका खेलों में, पंजाब ने कल खेले गये मुकाबलों में 21 पदकों में से 2 स्वर्ण सहित सात पदक जीते। गतका की विभिन्न श्रेणियों में बिहार ने नौ कांस्य और एक रजत जीतकर पदक तालिका में अपनी स्थिति बेहतर की है।

धर्मेंद्र कुमार राय आकाशवाणी समाचार पटना

खेलो इंडिया यूथ गेम्स में, महाराष्ट्र का शानदार प्रदर्शन जारी है। सोलह स्वर्ण सहित चौवालीस पदकों के साथ राज्य पदक तालिका में शीर्ष स्थान पर बरकरार है। नौ स्वर्ण सहित सोलह पदकों के साथ राजस्थान दूसरे स्थान पर है, वहीं कर्नाटक आठ स्वर्ण सहित कुल तेईस पदकों के साथ तीसरे स्थान पर है।

————————————————————————

मौसम विभाग ने आज से राज्य के अधिकतर हिस्सों में तापमान में बढ़ोतरी की संभावना जताई है। विभाग ने कहा है कि अगले तीन दिनों के दौरान राज्य के अधिकतम तापमान में पांच से आठ डिग्री सेल्सियस तक की क्रमिक बढ़ोतरी हो सकती

है। इधर, आज तड़के पटना, जहानाबाद, अरवल, रोहतास, औरंगाबाद, समस्तीपुर, दरभंगा, मुजफ्फरपुर और वैशाली समेत आसपास के जिलों में तेज हवा के साथ हल्की से मध्यम बारिश हुई है।

———————————————————

मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने केन्द्रीय परियोजनाओं से जुड़े नोडल अधिकारियों को योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट हर पन्द्रह दिन पर देने के निर्देश दिये हैं। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को स्थल निरीक्षण करने के भी निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि निरीक्षण के बाद एक रिपोर्ट जिलाधिकारी को देने के साथ ही इसकी प्रति मुख्यालय को भी भेजनी होगी।

———————————————————

प्रदेश में जीविका दीदी अब अपनी डेयरी भी चलायेंगी। जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी हिमांशु शर्मा ने बताया कि जीविका दीदी अब तक केवल दूध का उत्पादन करके बेचती थीं, लेकिन राज्य सरकार ने उनकी जिम्मेवारियों का विस्तार करते हुये डेयरी में हिस्सेदारी बढ़ाने का निर्णय लिया है। श्री शर्मा ने कहा कि जीविका डेयरी में दुग्ध आपूर्ति के लिए दूध संग्रह केन्द्र बनाये जा रहे हैं।

———————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने नियोजित शिक्षकों के लिए दस मई को आयोजित होने वाली तीसरे चरण की सक्षमता परीक्षा को स्थागित कर दिया है। समिति ने कहा है कि अपरिहार्य कारणों से परीक्षा स्थगित की गयी है। बोर्ड ने कहा है कि इस महीने के अंतिम सप्ताह में परीक्षा आयोजित किये जाने की सम्भावना है। इस परीक्षा में शामिल होने के लिए तीस हजार दो सौ इक्कीस शिक्षक अभ्यर्थियों ने ऑनलाईन आवेदन किया है।

———————————————————

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग– यूजीसी ने सोशल मीडिया पर चल रही उन खबरों का खंडन किया है जिसमें पहलगाम आतंकी हमले के बाद उपजे तनाव के मद्देनजर सभी परीक्षाओं को रद्द किये जाने की बात की जा रही है। यूजीसी ने कहा है कि यह सूचना असत्य है। आयोग ने कहा है कि उसकी ओर से इस तरह के कोई निर्देश जारी नहीं किये गये हैं। आयोग ने लोगों से आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करने की अपील की है।

———————————————————

रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव का आज होने वाला बिहार दौरा रद्द हो गया है। रेलवे की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि अपरिहार्य कारण से दौरा रद्द किया गया है। वे आज मुंगेर जिले में जमालपुर इंजन फैक्ट्री का भ्रमण करने वाले थे।

---

जाने माने क्रिकेटर रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट से तत्काल प्रभाव से सन्यास लेने की घोषणा कर दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इस बात की जानकारी दी। रोहित शर्मा ने सड़सठ टेस्ट मैच में चालीस दशमलव सत्तावन की औसत से चार हजार तीन सौ एक रन बनाए हैं।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने ऑपरेशन सिंदूर और मॉक ड्रिल से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने सेना की कार्रवाई पर लिखा है– आतंकवाद को मिट्टी में ही मिला डाला।

दैनिक जागरण ने इसी खबर का शीर्षक दिया है– पच्चीस मिनट में नौ ठिकाने ध्वस्त, सत्तर आतंकी ढेर।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– भारत के हमले से बौखलाया पाक, भारतीय गांवों में आम नागरिकों को निशाना बना रहा, बस्तियों पर बरसाये गोले।

प्रभात खबर ने सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल को प्रमुखता देते हुये लिखा है– दस मिनट का ब्लैक आउट और थम गया पटना।

राष्ट्रीय सहारा का शीर्षक है– सिविल डिफेंस की तैयारी सुदृढ करने को किया मॉकड्रिल।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केन्द्र सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर आज नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक बुलाई।

02. पटना समेत प्रदेश के छह जिलों में सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल का सफल आयोजन। अन्य शहरों में भी चरणबद्ध तरीके से आयोजित होगी मॉक ड्रिल।

03. खेलो इंडिया यूथ गेम्स में आज सेपक टाकरा, जूडो, टेबल टेनिस, तैराकी और शूटिंग सहित कई स्पर्धाओं में पदकों का फैसला होगा।

04. और, मौसम विभाग ने आज से राज्य के अधिकतर हिस्सों में तापमान में वृद्धि का पूर्वानुमान जताया। पांच से आठ डिग्री सेल्सियस तक की हो सकती है बढ़ोतरी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।